>

Title: Need to set up an Indian Oil LPG outlet in Masaurhi Block in Patna, Bihar.

श्री गणेश प्रसाद सिंह (जहानाबाद) : महोदय, बिहार प्रदेश के पटना जिले के मसौढ़ी अनुमंडल के अन्तर्गत इंडियन ऑयल की रसोई गैस की एजेन्सी नहीं है। यहाँ उपभोक्तओं की संख्या करीब तीन हजार से अधिक है। ये सारे उपभोक्ता जहानाबाद गैस एजेन्सी के उपभोक्ता है। मसौढ़ी से जहानाबाद की दूरी लगभग 16 कि0मी0 है। उपभोक्ताओं को जहानाबाद से गैस लाने में काफी परेशानी होती है। गैस लाने में उपभोक्ता को प्रति सिलेण्डर गैस मूल्य के अलावा करीब 100 रूपये अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। गैस की खरीद करने के लिए जाने और आने में एक दिन का समय बर्बाद होता है। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि एजेन्सी द्वारा मना कर देने पर मानसिक और आर्थिक दोनों तरह की परेशानी झेलनी पड़ती है।

कुछ ऐसे भी महिला उपभोक्ता हैं, जिनके लिए इस समस्या का सामना करना काफी मुश्किल है।

अतः माननीय मंत्री, पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, भारत सरकार से निवेदन है कि उपरोक्त समस्या को ध्यान में रखते हुए मसौढ़ी अनुमंडल में एक इंडियन गैस एजेंसी चालू कराने का कÂट करें।